# शिविर में छात्र-छात्राओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया

भास्कर संवाददाता | गंगरार

मेवाड़ विश्वविद्यालय एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय औद्योगिक अभिप्रेरणा शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में स्वयं रोजगार के लिए प्रेरणा देना था। शिविर के प्रथम सत्र में सीनियर ड्राफ्ट मैनेजर एमएसएमई जयपुर के आरके बग्गा ने युवाओं को बताया कि संस्था द्वारा आइडिया के आधार पर प्रोजेक्ट बनाकर एमएसएमई के माध्यम से रजिस्ट्रेशन करवाया जा सकता है। जिसके बाद उद्योग आधार नंबर जनरेट हो जाता है। जिसके माध्यम से सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लिया जा सकता है। जिला उद्योग केंद्र चित्तौड़गढ़ के औद्योगिक निरीक्षक चरणदास बैरवा ने विद्यार्थियों को राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। बैंक ऑफ बड़ौदा ऑफिसर क्रेडिट इंचार्ज श्वेतल वैष्णव ने बैंक द्वारा स्वरोजगार के लिए दी जा रही वित्त योजनाओं की जानकारी दी। आईपीआर प्रतिनिधि डॉ. रोहित जैन ने बौद्धिक संपदा एवं उसके प्रकारों की जानकारी दी। सहायक निदेशक एमएसएमई प्रशान्त शर्मा ने विद्यार्थियों द्वारा बनाई व्यापार योजनाओं के बारे में बताया। प्रबंधन संकाय के विद्यार्थियों ने समूह बनाकर व्यापार योजना की प्रस्तुति दी। शिविर का संचालन विश्वविद्यालय के प्रबंधन एवं मैकेनिकल विभाग द्वारा किया गया।

Dainik Bhaskar 20-10-2019

# औद्योगिक अभिप्रेरणा शिविर आयोजित

गंगरार. मेवाड़ विश्वविद्यालय एवं सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय औद्योगिक अभिप्रेरणा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्र.छात्राओं में स्वयं रोजगार के लिए प्रेरणा देना था। प्रथम सत्र में सीनियर ड्राफ्ट मैनेजर एमएसएमई. जयपुर के आर.के. बग्गा ने बताया कि संस्था की ओर से आईडिया के आधार पर प्रोजेक्ट बनाकर एमएसएमई के माध्यम से रेजिस्ट्रेशन करवाया जा सकता हैं जिसके उपरांत उद्योग आधार नम्बर जनरेट हो जाता हैं जिसके माध्यम से सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लिया जा सकता हैं ।उन्होंने बताया कि संस्था की समस्त भारतीय इकाइयों में उत्पाद की जांच से लेकर मार्केटिंग तक कि सुविधाए प्रदान की जा रही हैं यहां तक कि उत्पाद के बारकोड के लिए संस्था उद्यमी की सहायता करती हैं। जिला उद्योग केंद्र के औद्योगिक निरीक्षक चरण दास बैरवा ने विद्यार्थियों को राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए सब्सिडी प्राप्त करने की प्रक्रिया बतायी। बैंक ऑफ बड़ौदा, ऑफिसर क्रेडिट इंचार्ज, श्रीमती शीतल वैष्णव ने बैंक द्वारा स्वयं रोजगार के लिए दी जा रही वित्त योजनाओं की जानकारी दी । आईपीआर प्रतिनिधि डॉ. रोहित जैन ने बौद्धिक संपदा एवं उसके प्रकारों की जानकारी दी। सहायक निदेशक एमएसएमई प्रशान्त शर्मा ने शिविर के दूसरे दिन विद्यार्थियों की ओर से बनाये गए विभिन्न व्यापार योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की।

Rajasthan Patrika, 20-10-2019